News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-286
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता। - स्वामी विवेकानंद

# बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार, 20 जनवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



## पहिए के नीचे आया सिर

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत



बिहार के बक्सर जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां ट्वारहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**ट्रक के पहिए के नीचे आ गया सिर**

मृतक की पहचान कृष्णा पांडे (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट शिक्षक थे। उनके पिता रमाकांत पांडे पेशे से वकील हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कृष्णा पांडे रविवार की शाम लगभग 4:30 बजे अपने बाइक पर यात्रा कर रहे थे। इस दौरान वे वीर कुंवर सिंह नया पुल के पास ट्रकों की लंबी कतारों के बीच फिसलकर गिर गए और इस दौरान ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के कारण कृष्णा पांडे का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों और औद्योगिक थाना के पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों का कहना है कि नेशनल हाईवे पर ब्रेकर की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि बड़ी वाहनों की गति को नियंत्रित किया जा सके और दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। तेज रफ्तार वाले वाहनों के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## मंत्री ने बताया करना होगा कौन सा काम?

# जातीय गणना के आंकड़ों की जांच कराएगी नीतीश सरकार!

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दौरे के बाद बिहार की सियासत में एक बार फिर से जाति आधारित गणना की चर्चा शुरू हो गई है। जातीय गणना के आंकड़ों पर राहुल गांधी द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद नीतीश सरकार ने साफ कह दिया है कि अगर किसी को लगता है कि आंकड़े फर्जी हैं तो सरकार उसकी जांच कराने के लिए तैयार है।

दरअसल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे थे। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बिहार में हुए जातीय गणना के आंकड़ों को फर्जी बताया था और कहा था कि जातीय गणना के नाम पर बिहार की सरकार ने राज्य की जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया है हालांकि यह और बात है कि बिहार में जाति आधारित गणना तब हुई थी जब कांग्रेस खुद बिहार सरकार में सहयोगी थी।

राहुल गांधी के इस बायान को लेकर सियासत शुरू हो गई है। जेडीयू ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। सरकार में जेडीयू कोटे के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राहुल गांधी अपने बयान से अपने खुद को ही हास्यास्पद बना रहे हैं। जातीय गणना को लेकर उन्होंने जो बयान दिया वह पूरी तरह से हास्यास्पद है।



विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अफसोस की बात यह है कि जातीय गणना की शुरुआत हुई और आंकड़े आए तो कांग्रेस शुरू से अंत तक समर्थन करती रही और आज वह इसे फेक बता रहे हैं। राहुल गांधी बिना किसी प्रमाण के बोल रहे हैं। अगर किसी को इसपर संदेश है तो वह बता दे सरकार तुरंत इसकी जांच कराएगी। इसको लेकर आजतक एक भी अप्पति दर्ज नहीं कराई गई है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पार्टी ने उस वक्त साथ दिया था और आज वह इसे जाली कह रहे हैं। राहुल गांधी को इंडियन स्टेट और इंडियन गवर्नमेंट में फर्क नहीं पता है, उनसे हम क्या उम्मीद रखे। बार-बार राजद के नेता ये दावा करते हैं कि उन्होंने ही जातिगत गणना कराई थी। हमने तो विधानसभा में कहा है कि सभी दलों के सहयोग से बिहार में जातीय गणना कराई गई है। राहुल आज उसी आंकड़े को जाली कह रहे हैं, उनके व्यक्तित्व पर संदेह है।

वहीं राहुल के संविधान खतरे वाले बयान पर विजय चौधरी ने कहा कि एक डायरी रख लेने से पूरे संविधान का ज्ञान प्रदर्शित होता हैं ऐसा नहीं है। उनको मूल बात कहनी चाहिए कि किस मायने में संविधान खतरे में है। राहुल गांधी यह बताएं कि किस हिसाब से संविधान खतरे में है। वहीं आने वाले आम बजट पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार हर संभव मदद देने को तैयार है। 11500 करोड़ का स्पेशल राशि दी गई है। केंद्र से अपना रुख साफ किया है वह बिहार को मदद करेंगे।

# पटना जिले के CO का सबसे खराब परफॉरमेंस...रैंकिंग में नीचे से टॉप

## बिहार के बेहतर 5 और फिसड्डी 5 अंचलों के बारे में जानें....

**चन्दन कुमार चौबे . सिटी चीफ**

पटना, बिहार में भूमि सर्वेक्षण के बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंचलाधिकारियों की ग्रेडिंग जारी कर रहा है. विभाग ने दिसंबर 2024 के लिए बिहार के सभी अंचल अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है . रिपोर्ट कार्ड में अंचल अधिकारियों के 9 कार्यों की समीक्षा कर रैंकिंग जारी की जाती है. परिमार्जन प्लस के लिए सबसे अधिक 25 फीसदी अंक दिए जाते हैं. मुजफ्फरपुर के पारू अंचल को बिहार में पहला स्थान मिला है. सबसे फिसड्डी अंचल पटना जिले का बिहटा है. बिहटा अंचल को नीचे से पहला स्थान मिला है.



**पारू अंचल को मिला पहला स्थान**

सबसे अच्छा काम करने वाले पांच अंचलों की बात करते हैं. दिसंबर 2024 की रिपोर्ट कार्ड में मुजफ्फरपुर के पारु अंचल को पहला स्थान मिला है. वहीं, वैशाली के पातेपुर दूसरे नंबर पर रहा है. बांका का फूलीडूमर को तीसरा स्थान, वैशाली के महुआ को चौथा और सिवान के हसनपुर को ऊपर से पांचवा स्थान मिला है.

**सबसे खराब परफॉरमेंस वाले पांच अंचलों में तीन पटना जिले का..**

सूबे के 534 अंचलों की जारी परफॉरमेंस रिपोर्ट में सबसे खराब प्रदर्शन पटना जिले के बिहटा अंचल का रहा. जबकि पटना जिले के दानापुर अंचल को 533 वां नंबर यानि नीचे से दूसरा स्थान मिला है. नवादा के अकबरपुर को 532, पटना के ही नौबतपुर को 531वां स्थान मिला है. कटिहार के कदवा अंचल को 530 स्थान, यानि नीचे से पांचवा स्थान हासिल हुआ है. सबसे खास बात यह की खराब प्रदर्शन करने वाले अंचलों में नीचे से पांच में अकेले पटना जिले के तीन अंचल बिहटा, नौबतपुर और दानापुर शामिल है.

## सुबह - सुबह गोपालगंज में मुठभेड़

# पुलिस एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी को लगी गोली

**चन्दन कुमार चौबे . सिटी चीफ**

गोपालगंज, बिहार के गोपालगंज में आज सुबह-सुबह पुलिस एनकाउंटर की खबरें निकल कर सामने आई है। यहां पुलिस की एक टीम ने एक आपराधिक के पैर में गोली मारकर उसे अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि, इस घटना के बीच दो अपराधी किसी तरह भागने में सफल रहे। इसके बाद अब पुलिस मामले की तहकीकात में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि इस अपराधी की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है। यहां उचकागांव थाने की पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें दोनों



तरफ से चली जमकर गोली। घायल अपराधी अभिषेक ने शिक्षक हत्याकांड मामले में रेकी करने की बात स्वीकार ली है। सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच किया गया रेफर। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी एसआइटी की टीम।

## फ्लिपकार्ट के गोदाम में लूट

# सेफ्टी अलार्म बजने पर डिलीवरी ब्वॉय को मारी गोली; इलाके में मचा हड़कंप

**चन्दन कुमार चौबे . सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर पुलिस की गश्ती व्यवस्था को धता बता सदर थाना क्षेत्र के खबड़ा में रविवार की रात 9:17 बजे हथियार से लैस नौ बाइक सवार बदमाशों ने फ्लिपकार्ड कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय की हत्या कर दी। साथ ही कंपनी के हब (गोदाम) पर डाका डाल 4.93 लाख रुपये लूट लिए।




डाका के दौरान सेफ्टी अलार्म बजने से बदमाशों ने मनियारी इलाके के प्रकाश मिश्रा को गोली मार दी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद भागने के क्रम में बदमाश की एक बाइक छूट गई है। सूचना मिलने पर एसएसपी सुशील कुमार, नगर डीएसपी टू विनीता सिन्हा के साथ सदर समेत कई थानो की पुलिस मौके पर पहुंची।

## प्रेमी ने प्रेमिका को जिंदा जलाया!

# बेटी की मौत के बाद SSP से मां लगा रही न्याय की गुहार, अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

गया, बेटी की हत्यारों को सजा दिलाये जाने की गुहार लगा रहे माता-पिता पिछले कई दिनों से थाने के चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ित माता-पिता ने गया जिले के एसएसपी से भी मिले और न्याय की गुहार लगाई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। अपनी मृत बेटी की आत्मा की शांति के लिए आरोपियों को कड़ी से कड़ा सजा दिये जाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस इन्हें कब तक न्याय दिला पाती है यह देखने वाली बात होगी।

दिल को दहला देने वाली घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के मोतिया बिगहा गांव की है जहां प्रेमिका को मिलने के लिए प्रेमी ने



पहले बुलाया और फिर सब्जी मंडी के पास पेट्रोल छिड़कर उसे आग के हवाले कर दिया। बुरी तरह झुलसी युवती को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान 18 साल की युवती डॉली की मौत हो गयी। बेटी की मौत के बाद पीड़ित माता-पिता ( गुलाबी देवी और अशोक साव) ने गया एसएसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

मृतका की मां गुलाबी देवी ने एसएसपी गया से लिखित शिकायत की। गुलाबी देवी ने बताया का 18 वर्षीय बेटी डॉली की हत्या उसके प्रेमी सौरभ कुमार ने किया है। जयलाल साव के पुत्र आरोपी सौरभ कुमार और डॉली के बीच दो साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। डॉली की उम्र कम थी जिसके कारण शादी नहीं हो सकी। साजिश के तहत 9 नवंबर 2024 को आरोपी सौरभ कुमार, सुमन कुमार और दीपक कुमार ने उनकी बेटी डॉली को अपने घर बुलाया।

जिसके बाद डॉली मिलने के लिए निकल गई लेकिन सब्जी मंडी के पास पहुंचते ही इन लोगों ने घेर लिया और शरीर पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी।

आग लगाने के बाद सभी फरार हो गये और डॉली सड़क पर छटपटाती रही किसी तरह लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद वजीरगंज थाने में मृतका के परिजनों ने केस दर्ज कराया लेकिन आज तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

उल्टे आरोपियों द्वारा केस उठाने की धमकी लगातार दी जा रही है। कहा जा रहा है केस नहीं उठाए तो इकलौते बेटे को ऊपर बेटी के पास पहुंचा देंगे। लगातार मिल रही धमकी से गुलाबी देवी, अशोक साव सहित पूरा परिवार काफी दहशत में है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए अब दर-दर भटकने को मजबूर है।

गया एसएसपी से भी फरियाद लगा चुके है लेकिन अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आए दिन पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मृतका के पिता अशोक साव सब्जी बिक्रेता है वो किसी तरह सब्जी बेचकर परिवार चलाते हैं अब तो उन्हें सब्जी दुकान पर बैठने से भी डर लग रहा है।